Seat No. : _______________

# XW-125

**April-2013**

## M.A. (Sem.-II)

## Hindi (407)

**(भाषा विज्ञान)**

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

1. (क) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 500-600 शब्दों में लिखिए : 10

आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं का वर्गीकरण प्रस्तुत करते हुए प्रमुख भाषाओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

**अथवा**

हिन्दी के विविध रूप से क्या मतलब है ? हिन्दी के किन्हीं तीन रूपों का परिचय दीजिए ।

(ख) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों में लिखिए : 4

प्राचीन भारतीय आर्यभाषा के लक्षण बताइए ।

**अथवा**

पालि भाषा की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

2. (क) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 500-600 शब्दों में लिखिए : 10

हिन्दी का भौगोलिक क्षेत्र बताते हुए पूर्वी खण्ड की उपभाषाओं पर प्रकाश डालिए ।

**अथवा**

भाषा और उपभाषा के अंतर को स्पष्ट करते हुए पश्चिमी खण्ड की उपभाषाओं पर प्रकाश डालिए ।

(ख) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों में लिखिए : 4

अवधी भाषा की व्याकरणगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

**अथवा**

'दक्खिनी' की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

3. (क) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 500-600 शब्दों में लिखिए : 10

स्पन किसे कहते हैं ? हिन्दी की स्पन व्यवस्था पर प्रकाश डालिए ।

**अथवा**

वाक्य की अर्थ-संरचना संबंधी विशेषताओं की चर्चा कीजिए ।

(ख) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों में लिखिए : 4

क्रिया की रूपरचना की चर्चा कीजिए ।

**अथवा**

सर्वनाम की रूपरचना की चर्चा कीजिए ।

४. (क) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 500-600 शब्दों में लिखिए : 10

शब्द रचना की विविध रीतियों का परिचय देते हुए किन्हीं दो रीतियों को सोदाहरण समझाइए ।

**अथवा**

संधि और समास के अंतर को स्पष्ट करते हुए शब्द-रचना उनके योगदान को स्पष्ट कीजिए ।

(ख) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों में लिखिए : 4

हिन्दी शब्द-रचना के मुख्य तीन रूपों को सोदाहरण समझाइए ।

**अथवा**

हिन्दी शब्द संपदा में विदेशी शब्दों की महत्त्वता बताइए ।

५. सूचनानुसार कीजिए : **14**

(क) एक-एक वाक्य में उत्तर दीजिए ।

(१) आधुनिक भारतीय आर्यभाषाएँ योगात्मक है या अयोगात्मक ?

(२) मार्कण्डेय के मतानुसार उपनागर अपभ्रंश से राजस्थानी का संबंध है या गुजराती का ?

(३) 'जाटू' हरियाणी की बोली है या बुंदेली की ?

(४) मात्रा के आधार पर स्वरों के चार भेद हैं या दो ?

(५) शब्दों के पूर्व जो अक्षरसमूह लगाया जाता है उन्हें प्रत्यय कहते हैं या उपसर्ग ?

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में से सही वाक्यों के सामने [ ✓ ] और गलत वाक्यों के सामने [ ✗ ] निशानी करें :

(१) भाषा का मूल रूप लिखित है । [ ]

(२) संविधान की अष्टम् अनुसूची में अब १८ भाषाएँ हैं । [ ]

(३) 'कीर्तिलता' की भाषा को विद्यापति ने अवहट्ट कहा है । [ ]

(४) दोनों पदों में 'और' पद निहित रहता है ऐसे समास को द्विगु समास कहते हैं [ ]

(५) संज्ञा विकारी है तो अव्यय अविकारी है । [ ]

(ग) सही जोड़े मिलाइये :

| अ | ब |
|---|---|
| (१) उत्तराखण्ड की प्रमुख बोली | (१) दक्खिनी |
| (२) तीन लिंग | (२) हिन्दी |
| (३) सूर्यास्त दिशा की भाषा | (३) गुजराती |
| (४) आठ मान स्वर | (४) पंजाबी |
| | (५) गढ़वाली |